अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , बुधवार,15 अप्रैल 2026

PAGE NO : IV TOP

इंटर स्कूल क्रिकेट और फुटबॉल टूर्नामेंट में खेलेंगी 36 टीमें

बरेली, अमृत विचारः श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट व फुटबॉल टूर्नामेंट में 36 स्कूलों की टीमें शामिल होंगी। 22 टीमें क्रिकेट टूर्नामेंट खेलेंगी और 14 टीमें फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल होंगी। क्रिकेट टूर्नामेंट 15 से 25 अप्रैल के बीच और फुटबॉल टूर्नामेंट 21 से 25 अप्रैल के बीच एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) स्थित क्रिकेट और फुटबॉल स्टेडियम में होगा।

टूर्नामेंट की आयोजन समिति के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा.शोभित सक्सेना ने बताया कि श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट और फुटबॉल टूर्नामेंट दोनों को बरेली क्रिकेट एसोसिएशन एवं बरेली फुटबॉल एसोसिएशन ने मान्यता प्रदान की है। नॉकआउट आधार होने वाले दोनों टूर्नामेंट में क्रिकेट टीमों को चार ग्रुपों में रखा गया है, जबकि फुटबॉल में ए और बी दो ग्रुपों में। फुटबॉल की दोनों ग्रुपों में टीमें ड्रा के आधार पर अपना मुकाबला खेलेंगी। क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल सहित कुल 21 मैच होंगे, जबकि फुटबॉल टूर्नामेंट में 13 मैच खेले जाएंगे। क्रिकेट और फुटबॉल दोनों टूर्नामेंट का फाइनल मैच 25 अप्रैल को सुबह नौ बजे खेला जाएगा।